# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/996
दिनांकः 06.05.2019

सेवा में,

प्रो० पी०के० शर्मा
जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रिडिंग (कृषि वनस्पति विभाग),
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

विषय :— विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षा मई, 2019 में आयोजित कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की मई, 2019 में आयोजित सम सेमेस्टर परीक्षा हेतु माननीय कुलपति जी द्वारा आपको वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक नियुक्त किया गया है तथा उक्त परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय परिसर में स्थित **राजेश पायलट क्रीड़ा छात्रावास भवन** को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर की परीक्षायें अपने निर्देशन में आयोजित कराने का कष्ट करें।

भवदीय

उप कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. श्री मनोज कुमार (विश्वविद्यालय अभियंता) को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सन्दर्भित परीक्षाओं के सम्बन्ध में प्रो० पी०के० शर्मा, जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रिडिंग (कृषि वनस्पति विभाग) से सम्पर्क करते हुये अविलम्ब आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. वयैक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. वयैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
6. वयैक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
7. उप कुलसचिव/कार्यालय अधीक्षक (परीक्षा)।
8. प्रभारी—अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त परीक्षाओं हेतु समय पर प्रश्न—पत्र की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
9. प्रभारी (सामान्य भण्डार)/प्रभारी (मूल्यांकन)/प्रभारी (उ०पु० अनुभाग)।
10. प्रभारी, रिकार्ड अनुभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त परीक्षाओं की परीक्षा सामग्री वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
13. विश्वविद्यालय वेबसाईट।

उप कुलसचिव (परीक्षा)